प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- शिक्षा विभाग और एचसीएल टेक के बीच एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कॅरियर के लिए बताया बड़ा कदम।
- केंद्र सरकार इस वर्ष 15 अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्ट–टैग–आधारित वार्षिक पास की करेगी शुरूआत, निजी वाहनों को सालाना लगभग सात हजार रूपये की होगी बचत।
- नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने चाईबासा के जंगलों में 14 आईईडी समेत भारी मात्रा में बरामद विस्फोटकों को किया नष्ट, नक्सली कैंप को किया ध्वस्त।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– देश को आत्मनिर्भर बनाने में लघु उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण।
- मॉनसून पूरे झारखंड में हुआ सक्रिय, 19 और 20 जून को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट। रांची जिले में कक्षा केजी से बारहवीं तक के स्कूलों में कल छुट्टी की घोषणा।

*********************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड प्रोग्राम टेक–बी के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। श्री सोरेन ने कहा कि युवा पीढ़ी को तकनीकी और कौशल प्रशिक्षण के साथ जॉब उपलब्ध कराने वाली कंपनी या संस्थान को राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

*********************

केंद्र सरकार इस वर्ष 15 अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्ट–टैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफ़ायती यात्रा संभव होगी। वार्षिक पास लागू होने की तिथि से एक वर्ष या अधिकतम 200 यात्राओं के लिए वैध होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में लघु उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे आज रांची में लघु उद्योग भारती की ओर से आयोजित प्रांतीय आम सभा सह उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप के क्षेत्र में आज भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है।

*********************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत एक लाख 43 हजार गांवों के 13 करोड़ 4 लाख किसानों को सीधे तौर पर जोड़ा गया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने पत्रकारों से कहा कि विकसित कृषि क्षेत्र और समृद्ध किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

*********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में पेसा नियमावली को शीघ्र अधिसूचित कर लागू करने की मांग की है। श्री दास ने पत्र में लिखा है कि देश के 10 अनुसूचित क्षेत्रों वाले राज्यों की सूची में झारखंड भी शामिल है, लेकिन आज तक यहां पेसा कानून लागू नहीं हो पाया है।

*********************

चाईबासा के जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किये गये 14 आईईडी बरामद किया। वहीं, एक नक्सल डम्प से करीब 52 किलो विस्फोटक पॉली बैग में बरामद किया गया। सुरक्षा के लिहाज से सभी आइइडी बमों और विस्फोटकों को जंगल में ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा नक्सली कैंपों को भी ध्वस्त कर दिया गया। बता दें कि नक्सलियों का शीर्ष नेता मिसिर बेसरा समेत कई हार्डकोर नक्सली अपने सदस्यों के साथ सारंडा क्षेत्र में पनाह लिये हुए हैं, जिसके गिरफ्तारी के लिए सुरक्षा बलों का सर्च अभियान जारी है।

*********************

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आधुनिक शिक्षा, शिक्षक और वर्तमान चुनौतियों पर आधारित शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र को मतदाताओं तक शीघ्र पहुंचाने के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इसमें मतदाता सूची में अपडेट और नए मतदाता का नामांकन प्रक्रिया पूरी कर 15 दिनों के भीतर डिलीवरी की जायेगी। नई प्रणाली निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता और एपिक की डिलीवरी तक हर चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

**********************

केंद्रीय संचार ब्यूरो तथा पत्र सूचना कार्यालय, रांची की ओर से आज त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पीआईबी–सीबीसी के अपर महानिदेशक, अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के विभागों, खासकर क क्षेत्र के लिए यह कार्यशाला महत्वपूर्ण है। वहीं पीटीआई की वरिष्ठ पत्रकार नमिता तिवारी तथा राजभाषा के जानकार बिक्रम साव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**********************

19 जून को भारी बारिश के पूर्वानुमान को लेकर राजधानी रांची समेत कई जिलों में स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिले में कक्षा केजी से बारहवीं तक सभी श्रेणी के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। वहीं सरायकेला–खरसांवा, रामगढ़ और धनबाद समेत कई जिलों में कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद कर दिये गये हैं। आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित विद्यालय और संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी।

**********************

पूरे झारखंड में मॉनसून सक्रिय हो गया है। इससे सभी जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर 19 और 20 जून को राज्य के अधिकांश जिलों में भारी बारिश के संकेत हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रेड अलर्ट की जानकारी दी है।

इधर खरकई और स्वर्णरेखा नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में खतरे की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

वहीं कल शाम से हो रही बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है लेकिन किसानों के लिए मॉनसून की शुरूआती अच्छी बारिश वरदान है। हमारी खूंटी संवाददाता ने बताया कि जिले में भारी बारिश से खेत–खलिहान भर गए हैं। वहीं किसानों ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में हो रही बारिश से खेती के लिए अनुकूल स्थिति बन गयी है।

*********समाप्त*************